




नवभारत
भोपाल, बुधवार, 15 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में




### प्रदेश के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे बुधनी के खिलाड़ी

**बुधनी.** राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक-बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता भिंड में आयोजित की गई थी. जिसमें जिले की टीम ने प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया. बुधनी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन किया. टीम में नगर के कैंब्रिज स्कूल से 5 खिलाड़ी, सांदीपनि विद्यालय से 9 खिलाड़ी, शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल की 10 बालिकाओं ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को दूसरे स्थान तक पहुंचाया. प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश स्तर से चयनित खिलाड़ी अब जनवरी माह में इंदौर या अशोकनगर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. इस उपलब्धि पर हरदीप रुपल, नप अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, धीरेंद्र तिवारी, राजेश यादव, प्राचार्या सुधा सालोमन, पुष्पा यादव ने खिलाड़ियों और कोच इरफान व टीम को शुभकामनाएं दीं.




### आईईएस के छात्रों ने किया आगरा और जयपुर का भ्रमण

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों ने इतिहास और संस्कृति से ओतप्रोत आगरा और जयपुर का दौरा किया. इस दौरान छात्रों ने ताजमहल, आगरा किला और जयपुर के भव्य आमेर किले, सिटी पैलेस और जंतर-मंतर जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का भ्रमण किया. छात्रों की शैक्षिक और मनोरंजक जरुरतों को पूरा करने के लिए इस यात्रा की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई थी. इस दौरे ने छात्रों को टीम वर्क, संचार और समस्या-समाधान जैसे आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के अवसर प्रदान किए. डायरेक्टर मनीषा कवठेकर ने बताया कि स्कूल का उद्देश्य छात्रों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करना है तथा उन्हें आत्मविश्वासी, दयालु और वैश्विक रूप से सक्षम व्यक्ति बनने में मदद करें.



### विधायक ने की खेल महोत्सव की गतिविधियों की समीक्षा

**सीहोर.** विधायक सुदेश राय की अध्यक्षता में सांसद खेल महोत्सव के संबंध में आयोजित बैठक में उन्होंने 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल तथा जिला स्तर पर खेली जा रही खेल प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अधिक संख्या में खेल गतिविधियों में शामिल किया जाए. विधायक श्री राय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवा, दिव्यांग, वृद्धजनों सहित सभी प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित एवं प्रेरित करना, ग्रामीण तथा शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करना और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देना है. बैठक में एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह, सुदीप प्रजापति आदि उपस्थित थे.



### अगस्त्या ने जीती राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता

**सीहोर.** राज्य स्तरीय सुगम संगीत एकल बाल रंग प्रतियोगिता नर्मदापुरम में संपन्न हुई. जिसमें नगर के सेंट एंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अगस्त्या गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया. ज्ञात हो कि मास्टर अगस्त्या गुप्ता ने पूर्व में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था. तत्पश्चात संभाग स्तर पर भी अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सबका मन मोहा. अब उन्होंने राज्य स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त कर भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व किया. प्रतियोगिता में इंदौर, उज्जैन, सागर, रीवा, शहडोल, होशंगाबाद, जबलपुर, चंबल एवं ग्वालियर संभागों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. अगस्त्या ने राग चारुकेसी में मीरा का भजन प्रस्तुत किया. जिसकी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं और निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया. प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें ज्वाइंट डायरेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया. उनकी प्रस्तुति में हारमोनियम पर विद्यालय के वरिष्ठ संगीत शिक्षक मांगीलाल ठाकुर तथा तबले पर तरुण यादव ने संगत दी. इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर सेंट एंस स्कूल की मैनेजर सिस्टर सिल्वी, प्राचार्या सिस्टर अल्का एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अगस्त्य गुप्ता को हार्दिक बधाई दी

### समर्थन मूल्य से अधिक दाम पर बिका सोयाबीन

**आष्टा.** कृषि उपजी मंडी में गत दिनों सोयाबीन समर्थन मूल्य से ऊपर बिका



है. जिसका भाव 5360 प्रति क्विंटल रहा है. यह सोयाबीन भटोनी के किसान ओमप्रकाश द्वारा 15 क्विंटल लाया गया था. जिसे संतोष ट्रेडर्स द्वारा खरीदा गया था.यह दूसरा अवसर है जब मंडी में आज सोयाबीन का भाव समर्थन मूल्य से ऊपर गया है. कालापीपल तहसील के किसान दिपेश, ग्राम राणायल द्वारा 40 क्विंटल सोयाबीन लाया गया था जो समर्थन मूल्य से अधिक 5560 प्रति क्विंटल के भाव से खुले नीलामी में पटेल ट्रेडर्स द्वारा खरीदा गया. मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि उपज सुखाकर व छान करके लाएं ताकि उन्हें खुले प्रतिस्पर्धात्मक नीलामी में अधिक भाव मिल सके.

# राज को राज रखने के लिए मांगे थे 15 लाख

## मंडी पुलिस ने किया आरटीआई कार्यकर्ता पर हमले का खुलासा, आरोपी ने लगाया ब्लैकमेल करने का आरोप

- आरोपी ने नौकरी में लगाया था डी- एड का फर्जी प्रमाण पत्र
- पीड़ित उसे नौकरी छीनने का भय दिखाकर मांगता था पैसे

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 अक्टूबर. आरोपी ने फर्जी डीएड प्रमाण पत्र की मदद से शिक्षक की नौकरी तो हासिल कर ली थी, लेकिन यह करतूत आरटीआई एक्टिविस्ट को पता चल गई. उसने शिक्षक पर दबाव बनाकर उससे 15 लाख रुपए की मांग कर दी. रुपए के लिए लगातार दबाव बनाने से तंग आकर शिक्षक ने उससे छुटकारा पाने की योजना बनाई और फिर सोमवार को गुड़भेला के समीप कार रोककर उस पर जानलेवा हमला करते हुए कार की चाबी लेकर फरार हो गया था.**



**सीहोर.** पुलिस कप्तान दीपक कुमार शुक्ला द्वारा प्राणघातक हमले के मामले का खुलासा किया गया.

कार में सवार एक आरटीआई एक्टिविस्ट का भोपाल से पीछा कर गुड़भेला के पास कार रुकवाकर उस पर लोहे की राड से जानलेवा हमले के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस के अनुसार जिस बदमाश ने आरटीई एक्टिविस्ट पर हमला किया था वह शिक्षक है. नौकरी लगने के दौरान उसने फर्जी डीएड प्रमाण पत्र लगाया था. इसकी भनक आरटीआई कार्यकर्ता पंजाब सिंह गुर्जर को लग गई थी. उसने सूचना के अधिकार में इसकी जानकारी हासिल कर ली थी.इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की थी. पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि आरोपी हिम्मत सिंह पिता रामेश्वर मीना ने जुर्म कबूलते हुए बताया कि आरटीआई एक्टिविस्ट पंजाब सिंह उसे ब्लैकमेल करते हुए 15 लाख रुपए की मांग कर रहा था. काफी दिनों की चर्चा के बाद भी आरोप जब पंजाब सिंह गुर्जर नहीं माना तो उसने पंजाब सिंह को सबक सिखाने की ठान ली थी. सोमवार को उसे मौका मिला तो उसने कार रोककर उस पर हमला कर दिया.

गौरतलब है कि सोमवार को ग्वालियर निवासी पंजाब सिंह गुर्जर अपने मित्र दिनेश धनगर के साथ इन्दौर जा रहा था.जैसे ही उनकी कार चौपाल सागर पहुचे तो गाड़ी के पास पीछे से आ रही एक बाइक चालक ने कार रोकने का इशारा किया. कार रुकी तो बाइक सवार युवक ने कार में बैठे पंजाब सिंह गुर्जर को नीचे उतरने का इशारा किया, जैसे ही वह नीचे उतरा बाइक सवार युवक ने पंजाब सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया. जिससे पंजाब सिंह को गहरी चोट आई और वह बेहोश हो गया. इसके बाद बाइक सवार आरोपी कार की चाबी निकालकर फरार हो गया. इसकी सूचना कार में बैठे दिनेश धनगर ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने गंभीर हालत में पंजाब सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां से उन्हें भोपाल रैफर कर दिया है. हालांकि पंजाब सिंह की हालत खराब बताई जा रही है.

इस हैरतअंगेज घटना के बाद से ही पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपी की तलाश में जुट गई थीं. एफएसएल की टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया. इसी तरह सायबर सेल की मदद से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी के रूप में हिम्मत सिंह पिता रामेश्वर मीणा 36 साल निवासी ग्राम बिरगढी तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की तो उसने पंजाब सिंह को सबक सिखाने के लिए हमला करने की बात कबूली. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

### नौकरी जाने का भय दिखाकर मांग रहा था 15 लाख

आरोपी हिम्मत सिहं ने पुलिस को बताया कि पंजाब सिंह गुर्जर कुछ महीने पहले से उसे ब्लैकमेल करते हुए 15 लाख रुपए की मांग रहा था. इसके लिए पंजाब सिंह ने उसे ग्वालियर भी बुलाया था, लेकिन उसके पास इतने रुपए नहीं थे. हिम्मत सिंह ने इसके बाद पंजाब सिंह को सबक सिखाने की ठान ली। यही वजह है कि सोमवार को जब वे भोपाल से इंदौर जा रहे थे तो भोपाल से ही उसने बाइक से कार का पीछा किया और सीहोर के पास गुड़भेला में कार रोकी और उस पर हमला कर दिया. इस दौरान उसने हेलमेट पहन रखा था. इसके बाद वह कार की चाबी लेकर चला गया. पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक और लोहे की रॉड जब्त की हैं.

### फाइलों की जांच में हो सकता है मामले का खुलासा

इस पूरे घटनाक्रम में खास बात यह है कि जिस आरटीआई एक्टिविस्ट पंजाब सिंह पर हमला किया गया था उसके पास 30 हजार रुपए और कुछ फाइलें भी थीं. ऐसे में पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आखिर इन फाइलों में ऐसा क्या है? इन फाइलों की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि कहीं पंजाब सिंह ने इसी तरह और भी अन्य लोगों को ब्लैकमेल तो नहीं किया. यदि ऐसा है तो उन मामले में भी जांच हो सकती है. एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच के बाद ही स्पष्ट रूप से इस संबंध में कुछ कहा जा सकता है.

### ई-अटेन्डेंस व्यवस्था समाप्त करने की मांग




**सीहोर.** पुरानी पेंशन बहाली संगठन एवं कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा सौंपा गया.ज्ञापन में मांग की गई कि स्कूल शिक्षा विभाग में हमारे शिक्षक एप और जनजातीय कार्य विभाग में ईएचआरएमएस एप के माध्यम से मु य रूप से शिक्षकों के लिए ई अटैन्डेंस व्यवस्था लागू की गई है. यह ई अटेन्डेंस व्यवस्था जो कि जीपीएस और फेस रिकॉग्निशन पर आधारित है. इसे वेतन प्रणाली से जोड़ा जा रहा है जिसे लेकर प्रदेश भर के शिक्षकों में नि न तथ्यों के आधार पर आपत्ति है.

शिक्षकों के उत्तरदायित्व की प्रकृति भिन्न हैं, शिक्षकों की अधिकांश पदस्थापना ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों में है जहां शिक्षकों के लिए न आवास सुविधा है और न रहने का माहौल है. शिक्षक अपने शैक्षणिक दायित्वों के अतिरिक्त बच्चों के आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने, बैंक खाता और समग्र आईडी, अपार आईडी, प्रोफाइल पंजीयन सहित दर्जनों कार्य भी करने पड़ते हैं. शिक्षक बिना टीए डीए लिए जिला और ब्लाक मु यालयों के अनेक कार्यों को नित्यप्रति करते हैं. ऐसे में प्रतिदिन ठीक शाला खुलने और बंद होने के समय ई अटेन्डेंस लगाना व्यवहारिक नहीं है.

## देवगांव शाला में वर्धमान ब्लॉक का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**बुधनी 14 अक्टूबर.** वर्धमान फैब्रिक्स की सीएसआर पहल के तहत शासकीय प्राथमिक शाला देवगांव में स्कूल भवन वर्धमान ब्लॉक का लोकार्पण प्लांट हेड हर्ष मणि त्रिपाठी ने किया.

गौरतलब है कि देवगांव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के नए भवन में दो कक्षाएं और दो शौचालय बनाए गए हैं. जहां 70 से अधिक छात्राएं अध्ययनरत हैं. यह निर्माण लगभग 18 लाख रुपए की लागत से वर्धमान स्कूल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया है. इस अवसर पर कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि हितेश पटेल ने वर्धमान ग्रुप द्वारा



शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की. इस मौके पर दिनेश केटी, देवेंद्र बंसल, दीपक राणा, संदीप चतुर्वेदी एवं नितिन वर्मा सहित वर्धमान टीम उपस्थित रही. शाला की हेड मास्टर अर्चना सराठे ने संस्था का आभार जताया. कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी शोएब मिर्जा ने किया.

## रैली में ट्रैफिक व्यवस्था रही चाक-चौबंद

**आष्टा.** सोमवार को थाना क्षेत्र के ग्राम अमलाहा से किसानों की ट्रैक्टर रैली निकाली गई. जो कलेक्ट्रेट पहुंची. इस दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात प्रबंधन किया गया. यातायात प्रभारी शशिकांत शर्मा ने बताया रैली का संचालन एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं एएसपी सुनीता रावत के नेतृत्व में किया गया. टीम ने रैली के आगे-आगे रहकर सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाई. रैली में करीब 200 ट्रैक्टर शामिल हुए. आयोजन के दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह चाकचौबंद रही और जाम की स्थिति नहीं बनी.

## स्वदेशी वस्तु को अपनाने का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

**आष्टा 14 अक्टूबर.** कोठरी मंडल में स्वदेशी को लेकर जन जागरण अभियान चलाया गया.

इस अवसर पर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नप अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति, युवराजसिंह, सतीश सोनानिया, विशाल चौरसिया, रूपेश पटेल, जितेन्द्र आजाद, सुनील केलिया बाजार में दुकानों पर पहुंचे और स्वदेशी सामान ही खरीदने-बेचने को लेकर व्यापारियों, ग्राहकों को




जागरूक किया. इस दौरान दुकानों पर स्वदेशी सामान खरीदे के स्टीकर चस्पा किए. सांसद सोलंकी, विधायक इंजीनियर ने व्यापारियों, नागरिकों से अपील की है कि स्वदेशी उत्पादकों का उपयोग कर वोकल फॉर लोकल के संकल्प को मजबूती प्रदान करें.

## किसना डायमंड के साथ जयश्री की नई शुरुआत




नवभारत न्यूज

**आष्टा 14 अक्टूबर.** जयश्री ज्वेलर्स परिवार द्वारा आभूषणों में एक और नई शुरुआत की है. देश-विदेश में हीरे के आभूषणों के साथ किसना डायमंड ने अलग पहचान बनाई है जो कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार करती है. अब इस कंपनी के साथ तहसील के जयश्री ज्वेलर्स ने व्यवसाय का आगाज किया है. अब जय श्री ज्वेलर्स पर सोने चांदी के साथ डायमंड की भी संपूर्ण श्रृंखला उपलब्ध मिलेगी.

जयश्री ज्वेलर्स के अवधनारायण सोनी, जितेंद्र सोनी दादा, महेश सोनी और शुभांश सोनी ने बताया कि किसना डायमंड द्वारा सोमवार से डायमंड ज्वेलरी की भी श्रृंखला उपलब्ध रहेगी और इसकी कीमत 6 हजार से है. वहीं अभी दिवाली के त्यौहार में 25 हजार की खरीदी पर होंडा एक्टिवा 6जी ओर एक मेगा ड्रॉ में कार भी खुल सकती है.इस मौके पर नगर के मीडियाकर्मियों का सम्मान किया गया. जयश्री ज्वेलर्स परिवार की ओर से अक्षिता सोनी ने आभार व्यक्त किया. जयश्री ज्वेलर्स के प्रोपराइटर अवधनारायण सोनी, जितेंद्र सोनी आष्टा क्षेत्र में दादा दयालु के नाम से जाने जाते हैं.

## सब्जी मंडी में जेबकतरों का बढ़ा आतंक

**बुधनी.** नगर की मुख्य सब्जी मंडी में मंगलवार को खरीदारी के दौरान चोरों ने कई लोगों की जेब से मोबाईल फोन उड़ा लिए. भीड़ का फायदा उठाते हुए अज्ञात जेबकतरों ने वारदात को अंजाम दिया. घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुट गई. पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है. नागरिकों ने मंडी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके.

## दिव्यांग छात्रा ने राज्य स्तर पर छोड़ी छाप

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 अक्टूबर.** निरंतर प्रयास, दृढ़ निश्चय, लगन, आत्मविश्वास के बल पर असंभव को भी संभव किया जा सकता है. इसका जीता जागता उदाहरण मुंगावली की मूक बधिर छात्रा नेहा कुशवाहा है. जिसने नर्मदापुरम में आयोजित राज्य स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता में एकल अभिनय में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संभाग व जिले का नाम रोशन किया.

नर्मदापुरम संभाग संयुक्त संचालक, विधायक, सांसद दर्शन चौधरी, प्राचार्य अर्चना मिश्रा द्वारा छात्रा को पुरस्कृत किया गया. इस मूक बधिर बालिका की आवाज बनी शिक्षिका ज्योति त्यागी ने इस बालिका के आत्मविश्वास को बढ़ाया और इस बालिका को राज्य स्तर तक पहुंचने में अपना मार्गदर्शन दिया. नेहा के पिताजी रामचंद्र कुशवाहा एक मजदूर हैं. उन्होंने पुत्री की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए शिक्षिका ज्योति त्यागी, जितेंद्र बड़ोदिया, पूजा गांधी व स्टाफ सदास्यो को धन्यवाद दिया. प्राचार्य आरडी सोलंकी, राजेश कसोटिया, भैरव सिंह शाक्य, रितेश राठौर, ओपी शर्मा अंजू डोग्ने, प्रमोद खत्री, रेखा विश्वकर्मा, सुनीता भदोरिया, घनश्याम डोग्ने, घनश्याम मोहनिया, मुकेश सिसोदिया, देवेंद्र, हेमंत, गौरीशंकर द्वारा छात्रा को शुभकामनाएं दी गई.

## दिव्यांगजनों को दिया उद्यमिता प्रशिक्षण

**सीहोर.** दिव्यांगजनों में कौशल विकास बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया के उद्यमिता विकास प्रशिक्षण केंद्र एवं जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा चिन्हित 28 दिव्यांगजनों को 10 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया गया. सभी दिव्यांगजनों को शासन द्वारा संचालित रोजगार-स्वरोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई. ताकि वे इन योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन सकें. इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने करने वाले सभी दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए. इस अवसर पर उपसंचालक महेश यादव, आरसेटी निदेशक ओमप्रकाश प्रजापति, नवलकिशोर मालवीय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं दिव्यांगजन उपस्थित थे.

**सम्मान** सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को मुख्यमंत्री ने दिया राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान

## स्वच्छता सम्मान, क्षेत्रवासियों की जिम्मेदारी का परिणाम

नवभारत न्यूज

**सीहोर 14 अक्टूबर.** स्वच्छता सर्वेक्षण के कारण सफाई एक जन-आंदोलन बन गई है. जहां लोगों ने इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना लिया है और लगातार अपने वार्डों को साफ रखने का प्रयास करते हैं. स्वच्छता से समृद्धि आती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जन आंदोलन बनाया. आज गौरवमय क्षण है कि स्वच्छता सम्मान के लिए प्रदेश में नपा में हम सबकी नगर पालिका अव्वल आई है और आगामी दिनों में सामूहिक प्रयास से देश में प्रथम आऐंगे. उक्त विचार नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने भोपाल में राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहे.

मंगलवार को राजधानी के रविन्द्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह में सीहोर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में एवं राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी द्वारा पुरस्कृत दिया गया. यह पुरस्कार सीहोर स्वच्छता में 6 वां स्थान एवं नगर पालिकाओं में प्रथम स्थान आने के लिए प्राप्त हुआ है. यह सम्मान जनता, परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है. इस अवसर पर सीएमओ सुधीर सिंह, स्वच्छता सभापति एवं पार्षद साथी मुकेश मेवाड़ा, स्वच्छता अधिकारी अमित यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. पुरस्कार ग्रहण करने के पश्चात नपाध्यक्ष श्री राठौर ने अपील की है कि सब मिलकर स्वच्छ सीहोर, सुंदर सीहोर के




संकल्प को आगे बढ़ाएं. कचरा प्रबंधन को लेकर सकारात्मक सोच के साथ काम करते रहेंगे.

नपा सीएमओ श्री सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल बाहरी सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक और आध्यात्मिक स्वच्छता का भी प्रतीक है. उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका मकसद लोगों में व्यवहार परिवर्तन लाना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करना है. घर, मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ रखने और इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने के लिए प्रेरित किया.

## पोषण दिवस पर 766 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया. जिले में मंगलवार को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 600 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 166 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत स्वास्थ्य शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है.